रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 260] नई दिल्ली, शुक्रवार, अप्रैल 24, 2015/वैशाख 4, 1937
No. 260] NEW DELHI, FRIDAY, APRIL 24, 2015 /VAISAKHA 4, 1937

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 22 अप्रैल, 2015

सा.का.नि.321(अ).—संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और अपारम्परिक ऊर्जा स्रोत विभाग समूह "क" राजपत्रित पद (अननुसचिवीय), वैज्ञानिक और तकनीकी) भर्ती नियम, 1988 को उन बातों के सिवाय अधिकांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है, राष्ट्रपति, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में वैज्ञानिकों के पदों की भर्ती की पद्धति के विनियमन हेतु निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :–

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ**–(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, वैज्ञानिक, समूह "क" पद भर्ती नियम, 2015 होगा।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत होंगे।

2. **परिभाषाएं**: इन नियमों में जबतक कि संदर्भ अन्यथा अपेक्षित न हो;

(क) **"केंद्र सरकार"** से भारत सरकार, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय अभिप्रेत है;

(ख) **"फील्ड अनुभव"** से सुनम्य पूरक प्रोन्नतियों के प्रयोजन हेत निम्नलिखित अभिप्रेत है, और उसके अंतर्गत हैं:–

(i) वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं अथवा संस्थानों (जैसेकि राष्ट्रीय पवन ऊर्जा संस्थान, (एनआईडब्ल्यूई), राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा संस्थान (एनआईआरई) अथवा राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (एनआईएसई) {पूर्वतः नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अधीन सौर ऊर्जा केन्द्र–(एसईसी) के रूप में ज्ञात} अथवा ऐसा अन्य कोई वैज्ञानिक संस्थान इसके प्रादेशिक कार्यालयों सहित) में कार्य अनुभव, किसी संगठन में भर्ती के बाद मूल अथवा अनुप्रयुक्त अनुसंधान में डॉक्टरेट डिग्री अथवा पोस्ट डॉक्टरेट अनुसंधान में व्यतीत की गई अवधि ;

(ii) नई अथवा अनुवर्ती काल में सुधार हेतु सामग्री, युक्ति, उत्पाद, प्रोसेस, प्रणाली अथवा सेवा, जिसमें नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में वैज्ञानिक ज्ञान का अनुप्रयोग अंतर्वलित है, के उत्पादन की दिशा में निदेशित वैज्ञानिक ज्ञान के अनुप्रयोग हेतु परीक्षणात्मक विकास में कार्य अनुभव; और

(iii) अनुसंधान और विकास प्रयोगशालाओं अथवा संस्थानों, मिशन मोड में परिचालित वैज्ञानिक परियोजनाओं में कार्य अनुभव तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुसंधान और विकास परियोजनाओं अथवा वैज्ञानिक कार्य में कार्य और सहायता का अनुभव;

(ग) **"प्रबंधकीय क्षमता"** से वरिष्ठ स्तर पर, गुणवत्तापूर्ण विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रमों को साथ जोड़ने संबंधी मुद्दों की स्पष्ट समझ के साथ विज्ञान और प्रौद्योगिकी संबंधी गतिविधियों के प्रबंधन और समन्वयन की योग्यता तथा अधीनस्थों को निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान करने की योग्यता और उनको उच्चतर स्तर का उत्तरदायित्व संभालने हेतु तैयार करने की योग्यता;

(घ) **"अनुसंधान और विकास अनुभव"** से सीधी भर्ती अथवा प्रतिनियुक्ति के प्रयोजन हेतु निम्नलिखित अभिप्रेत है और उसके अंतर्गत हैं :–

(i) वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं अथवा संस्थानों में कार्य अनुभव, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा से संबंधित मूल अनुसंधान में डॉक्टोरल अथवा पोस्ट डॉक्टोरल डिग्री के संबंध में व्यतीत की गई अवधि;

(ii) वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं अथवा संस्थानों में कार्य अनुभव. अनुप्रयुक्त अनुसंधान में डॉक्टोरल अथवा पोस्ट डॉक्टोरल डिग्री के संबंध में व्यतीत की गई अवधि ;

(iii) किसी नई अथवा भरपूर उन्नत सामग्री, युक्ति, उत्पाद, प्रोसेस, प्रणाली अथवा सेवा के उत्पादन की दिशा में निदेशित वैज्ञानिक ज्ञान के अनुप्रयोग हेतु परीक्षणात्मक विकास में कार्य अनुभव जो नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा से संबंधित है, परंतु ऐसा कार्य वैज्ञानिक ज्ञान के नेमी उपयोग का नहीं, लेकिन नई आविष्कारी प्रणालियों, पद्धतियों, प्रतिदर्शों के सृजन हेतु वैज्ञानिक ज्ञान में अनुप्रयोग का है ;

(iv) अनुसंधान और विकास प्रयोगशालाओं और संस्थानों, मिशन मोड में परिचालित वैज्ञानिक परियोजनाओं में कार्य अनुभव, अंतरराष्ट्रीय सहयोग के अनुसंधान एवं विकास में कार्य का अनुभव ;

(v) वैज्ञानिक अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं अथवा किसी संस्थान अथवा विश्वविद्यालय में किसी पोस्ट–डॉक्टोरल अनुसंधान परियोजना में पूर्ण कालिक कार्य अनुभव, जो ऐसे संस्थान अथवा विश्वविद्यालय से प्रमाणन द्वारा प्रमाणित हो और प्रतिष्ठित पत्र–पत्रिका में अनुसंधान कार्य का प्रकाशन;

(ङ) **"संशोधित सुनम्य सम्पूरक स्कीम" (एफसीएस)** से कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा ओ.एम. सं. एबी–14017/37/2008–एस्ट. (आरआर) तारीख 10 सितम्बर, 2010, को यथाअधिसूचित स्कीम अभिप्रेत है;

(च) **"वैज्ञानिक अथवा अभियंता"** से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो :–

(क) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से प्राकृतिक अथवा कृषि विज्ञान में मास्टर डिग्री अथवा अभियांत्रिकी अथवा प्रौद्योगिकी अथवा चिकित्सा में स्नातक डिग्री की शैक्षिक योग्यता रखता है ; तथा

(ख) वैज्ञानिक पद धारक हैं ;

(छ) **"वैज्ञानिक पद"** से वह पद अभिप्रेत है, जिसमें पदधारी किसी वैज्ञानिक संस्था अथवा वैज्ञानिक विभाग अथवा संगठन के रूप में घोषित संगठन में कार्यरत वैज्ञानिक अथवा अभियंता है तथा जो नव वैज्ञानिक ज्ञान अथवा आविष्कारी अभियांत्रिकी, प्रौद्योगिकीय अथवा चिकित्सा तकनीकों के सृजन में कार्यरत है अथवा जो वृतिक अनुसंधान कार्य और विकास में प्रमुख रूप से सम्मिलित है;

(ज) **"वैज्ञानिक गतिविधियां अथवा सेवाएं"** से निम्नलिखित अभिप्रेत है तथा उसमें सम्मिलित हैं अर्थात् :–

(i) आधारभूत अथवा मूल अनुसंधान अर्थात नया वैज्ञानिक ज्ञान प्राप्त करने हेतु मौलिक अन्वेषण, जो किसी प्रायोगिक लक्ष्य अथवा अनुप्रयोग की दिशा में निदेशित होना आवश्यक नहीं है; वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं अथवा संस्थान में कार्य, मूल अनुसंधान में डॉक्टोरल अथवा पोस्ट–डॉक्टोरल डिग्री के संबंध में व्यतीत किया गया समय;

(ii) अनुप्रयुक्त अनुसंधान, अर्थात किसी विशिष्ट प्रायोगिक लक्ष्य अथवा उद्देश्य की दिशा में निदेशित नया वैज्ञानिक अथवा तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने हेतु मौलिक अन्वेषण; वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं अथवा संस्थान में कार्य, अनुप्रयुक्त अनुसंधान में डॉक्टोरल अथवा पोस्ट–डॉक्टोरल डिग्री के संबंध में व्यतीत किया गया समय;

(iii) परीक्षणात्मक विकास, अर्थात किसी नई अथवा भरपूर उन्नत सामग्री, युक्ति, उत्पाद, प्रोसेस, प्रणाली अथवा सेवा के उत्पादन की दिशा में निदेशित वैज्ञानिक ज्ञान का अनुप्रयोग या फील्ड अनुभव जो विभाग के कार्य प्रोफाइल पर निर्भर है।

स्पष्टीकरण – इस उपबंध के प्रयोजनार्थ, यह स्पष्ट किया जाता है कि परीक्षणात्मक विकास से संबंधित कार्य वैज्ञानिक ज्ञान के नेमी उपयोग का नहीं होगा, परंतु नई आविष्कारी प्रणालियों, पद्धतियों, प्रतिदर्शों के सृजन हेतु वैज्ञानिक ज्ञान के अनुप्रयोग से संबंधित होगा;

(iv) वैज्ञानिक और तकनीकी गतिविधियां, जो वैज्ञानिक गतिविधियां और सेवाओं को प्रोत्साहन की दृष्टि से अनुसंधान तथा विकास के साथ प्रत्यक्ष रूप से संबंधित हैं, जैसे कि अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं तथा संस्थाओं, मिशन मोड में परिचालित वैज्ञानिक परियोजनाओ में कार्य करना, अंतरराष्ट्रीय सहयोग की अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं इत्यादि में कार्य करना;

(झ) **"अनुसूची"** से इन नियमों के साथ संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है।

3. पदों की संख्या, वर्गीकरण तथा वेतन बैंड, ग्रेड वेतन अथवा वेतन मान – (1) पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण तथा वेतन बैंड और ग्रेड वेतन अथवा वेतन मान नीचे विनिर्दिष्ट अनुसार संलग्न होगा:

क्रमांक	पद का नाम	वर्गीकरण	पदों की संख्या	वेतन बैंड और ग्रेड वेतन या वेतन मान
1	वैज्ञानिक "जी"	सामान्य केन्द्रीय सेवा समूह "क" (अननुसचिवीय, वैज्ञानिक तथा तकनीकी)	06 * (2015)	वेतन बैंड–4, 37400–67000/–रू. जमा ग्रेड वेतन 10,000 रू.
2	वैज्ञानिक "एफ"	सामान्य केन्द्रीय सेवा समूह "क" (अननुसचिवीय, वैज्ञानिक तथा तकनीकी)	11 * (2015)	वेतन बैंड–4, 37400–67000 रू. जमा ग्रेड वेतन 8900 रू.
3	वैज्ञानिक "ई"	सामान्य केन्द्रीय सेवा समूह "क" (अननुसचिवीय, वैज्ञानिक तथा तकनीकी)	15 * (2015)	वेतन बैंड–4, 37400–67000 रू. जमा ग्रेड वेतन 8700 रू.
4	वैज्ञानिक "डी"	सामान्य केन्द्रीय सेवा समूह "क" (अननुसचिवीय, वैज्ञानिक तथा तकनीकी)	16 * (2015)	वेतन बैंड–3, 15600–39100 रू. जमा ग्रेड वेतन 7,600 रू.
5	वैज्ञानिक "सी"	सामान्य केन्द्रीय सेवा समूह "क" (अननुसचिवीय, वैज्ञानिक तथा तकनीकी)	20 * (2015)	वेतन बैंड–3, 15600–39100 रू. जमा ग्रेड वेतन 6,600 रू.
6	वैज्ञानिक "बी"	सामान्य केन्द्रीय सेवा समूह "क" (अननुसचिवीय, वैज्ञानिक तथा तकनीकी)	20 * (2015)	वेतन बैंड–3, 15600–39100 रू. जमा ग्रेड वेतन 5,400 रू.
	योग		88	

***कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।**

(2) वैज्ञानिक "बी" से "जी" तक स्वीकृत पदों की कुल संख्या 88 होगी :

परंतु एफसीएस के अधीन स्वस्थाने प्रोन्नति के आधार पर इन स्तरों पर पदों के बीच पूर्ण अंतर – परिवर्तनीयता होगी, जो वैज्ञानिक "जी" से "बी" तक के पदों की संख्या कुल मिलाकर कुल स्वीकृत संख्या से अधिक नहीं होने की शर्त के अधीन होगी।

(3) सुनम्य सम्पूरक स्कीम (एफसीएस) के अधीन स्वस्थाने प्रोन्नति संबंधित अधिकारी के लिए व्यक्तिगत होगी तथा उस आधार पर निम्नतर ग्रेड में विशिष्ट रिक्ति की परिणामी नहीं होगी।

(4) संबंधित अधिकारी द्वारा धारित वर्तमान पद समुन्नत किया जाएगा तथा उसके द्वारा स्वस्थाने पद धारण करने की अवधि में उसके लिए व्यक्तिगत होगा।

(5) अधिवर्षिता, त्यागपत्र अथवा अधिकारी की मृत्यु के कारण सृजित होने वाली रिक्ति के परिणामस्वरूप पद मूल स्थिति में प्रत्यावर्तित हो जाएगा।

4. **भर्ती की पद्धति** – (1) वैज्ञानिक "जी" से "बी" तक के पद चयन पद होंगे।

(2) ये पद नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में वैज्ञानिकों की भर्ती, प्रतिनियुक्ति, प्रोन्नति द्वारा उनकी नियुक्ति के लिए परामर्श के प्रयोजन हेतु संघ लोक सेवा आयोग के अधिकारक्षेत्र से मुक्त होंगे।
(3) वैज्ञानिक "बी" के पद हेतु भर्ती, सीधी भर्ती, द्वारा की जाएगी, जैसाकि **अनुसूची–I** में विनिर्दिष्ट है।
(4) वैज्ञानिक "सी" से "जी" तक के पद हेतु भर्ती सुनम्य सम्पूरक स्कीम एफसीएस (नियम 5) के अधीन स्वस्थाने प्रोन्नति द्वारा अथवा सीधी भर्ती अथवा प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) अथवा आमेलन द्वारा की जाएगी, जैसा कि **अनुसूची–II** में विनिर्दिष्ट है।
(5) प्रत्येक पद हेतु भर्ती की पद्धति अथवा प्रत्येक मामले का निर्णय केन्द्र सरकार द्वारा समय समय पर किया जाएगा।
(6) प्रत्येक पद हेतु अनिवार्य शैक्षिक योग्यताओं तथा अनुभव की विशिष्ट शाखा अथवा क्षेत्र अथवा प्रत्येक मामले का निर्णय केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में वैज्ञानिकों की उपलब्धता और क्षेत्र–विशेष में वैज्ञानिकों की और अपेक्षा को ध्यान में रखकर किया जाएगा।

(7) पूर्व–सैनिक की भर्ती, पुनःसेवायोजन आधार पर, केन्द्र सरकार द्वारा समय समय पर जारी आदेशों के अनुसार की जा सकती है।

5. **प्रोन्नति** – वैज्ञानिकों की प्रोन्नतियां **अनुसूची– III** में विनिर्दिष्ट एफसीएस के उपबंधों द्वारा विनियमित होंगी।

6. **वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन/ वार्षिक कार्य निष्पादन आकलन प्रतिवेदन और वार्षिक कार्य प्रतिवेदन**– वैज्ञानिकों के वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदनों अथवा वार्षिक कार्य निष्पादन आकलन प्रतिवेदनों और वार्षिक कार्य प्रतिवेदनों को समय–समय पर केन्द्रीय सरकार या कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा विहित अनुदेशों, समय–सीमाओं और प्ररूपों के अनुसार अभिलिखित किया जाएगा।

7. **परिवीक्षा**– (1) सेवा में नियुक्त होने पर प्रत्येक वैज्ञानिक, चाहे वह सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त हुआ हो अथवा समूह 'ख' वेतनमान से प्रोन्नति द्वारा, दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेगा :

परन्तु, संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी, इस संबंध में, समय–समय पर केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी अनुदेशों के अनुसार परिवीक्षा की अवधि बढ़ा सकेगा

परंतु यह और कि, किसी परिवीक्षा अवधि को बढ़ाने का निर्णय पूर्व परिवीक्षा अवधि के समाप्त होने के बाद सामान्यतया आठ सप्ताह के भीतर लिया जाएगा और इसे उक्त अवधि के भीतर ऐसा करने के कारणों को बताते हुए संबंधित अधिकारी को लिखित में सूचित किया जाएगा।

(2) परिवीक्षा अवधि या इसकी बढ़ाई गई अवधि पूरी हो जाने पर, वैज्ञानिकों को, यदि स्थायी नियुक्ति के लिए उपयुक्त समझा जाता है, नियमित आधार पर उनकी नियुक्तियों पर बनाए रखा जाएगा और उपलब्ध मूल रिक्तियों पर स्थायी कर दिया जाएगा।

(3) यदि, यथास्थिति, परिवीक्षा अवधि या इसकी बढ़ाई गई अवधि, के दौरान, केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि कोई वैज्ञानिक स्थायी नियुक्ति के लिए उपयुक्त नहीं है, तो केन्द्रीय सरकार, यथास्थिति, उसे सेवामुक्त कर सकती है अथवा सेवा में उसकी नियुक्ति से पहले उसके द्वारा धारित पद पर उसे वापस भेज सकती है।

(4) परिवीक्षा अवधि या इसकी बढ़ाई गई अवधि के दौरान, सरकार द्वारा वैज्ञानिकों से परिवीक्षा अवधि को संतोषजनक रूप से पूरा करने की शर्त के रूप में, ऐसे प्रशिक्षण और अनुदेश पाठ्यक्रमों को पूरा करने और ऐसी परीक्षाओं और परीक्षणों को (हिंदी की परीक्षा सहित) उत्तीर्ण करने की अपेक्षा की जा सकती है, जो सरकार उपयुक्त समझे।

(5) परिवीक्षा से संबंधित अन्य मामलों के संबंध में, सेवाओं के सदस्य इस संबंध में समय–समय पर केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी अनुदेशों द्वारा विनियमित होंगे।

8. **सेवा–स्थायीकरण**– सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्त वैज्ञानिकों का सेवा–स्थायीकरण केन्द्रीय सरकार द्वारा विभागीय पुष्टिकरण समिति की सिफारिशों पर किया जाएगा, जिसकी संरचना निम्नलिखित होगी–

I. **वैज्ञानिक "बी","सी","डी","ई" और "एफ" के लिए**

1. सचिव, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय	–	अध्यक्ष
2. संयुक्त सचिव (प्रशासन)	–	सदस्य
3. समूह प्रमुख/प्रभाग प्रमुख जिसमें संबंधित वैज्ञानिक कार्य कर रहा है अथवा उसने कार्य किया है (वैज्ञानिक 'ई' और 'एफ' के मामले में संयुक्त सचिव और उससे ऊपर के स्तर के)	–	सदस्य

II. **वैज्ञानिक 'जी' के लिए**

1. सचिव, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय	–	अध्यक्ष
2. भारत सरकार में अपर सचिव के स्तर के दो सदस्य	–	सदस्य

9. नियुक्ति प्राधिकारी–

वैज्ञानिक **"बी","सी","डी","ई","एफ" और 'जी'** के मामले में, नियुक्ति प्राधिकारी प्रभारी मंत्री होंगे। (समतिथि के अनुसार रू. 10,000/– या उससे ऊपर ग्रेड–वेतन वाले पद की नियुक्ति/स्वस्थाने प्रोन्नति के मामले में मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) का अनुमोदन अनिवार्य है)।

10. निरर्हता– ऐसा कोई भी व्यक्ति,

(क) जो किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह करता है अथवा विवाह की संविदा करता है जिसकी पत्नी/पति जीवित हो अथवा

(ख) जो, अपनी पत्नी/पति के जीवित रहते, किसी व्यक्ति के साथ विवाह करता है अथवा विवाह की संविदा करता है,

उक्त पदों पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

परंतु, यदि केन्द्र सरकार का इस बाबत यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के दूसरे पक्ष पर लागू स्कीम विधि के अंतर्गत अनुमेय है और ऐसा करने के अन्य आधार मौजूद हैं, तो वह इन नियम के लागू होने से किसी व्यक्ति को छूट प्रदान कर सकती है।

11. रक्षा सेवाओं में सेवा देने का दायित्व– उक्त किसी भी पद नियुक्त कोई भी व्यक्ति, यदि अपेक्षित हुआ, तो प्रशिक्षण की अवधि, यदि कोई हो, समेत चार वर्ष से अनधिक अवधि के लिए भारत की रक्षा से जुड़ी किसी भी रक्षा सेवा या पद पर सेवा करने के लिए दायी होगा'

परंतु, ऐसे व्यक्ति की सेवा अपेक्षित नहीं होगी ;

(क) नियुक्ति की तारीख से दस वर्षों की अवधि समाप्त होने के बाद;

(ख) सामान्यतया, चालीस वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद ।

12. भारत में और इससे बाहर सेवा देने का वैज्ञानिकों का दायित्व– इन नियमों के अधीन किसी कथित पद पर नियुक्त वैज्ञानिक, भारत में और इससे बाहर कही भी सेवा प्रदान करने के लिए दायी होगा।

13. प्रशिक्षण पाठ्यक्रम– (1) नियुक्त वैज्ञानिकों पर भारत में और बाहर ऐसे प्रशिक्षण प्राप्त करने का दायित्व होगा जो अनुदेश के पाठ्यक्रमों में उल्लिखित किए जाएं और जो समय–समय पर केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित किए जाएं।

(2) पाठ्यक्रम में समय–समय पर केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार, हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त करना शामिल होगा।

(3) नए भर्ती हुए वैज्ञानिक 'ख' और वैज्ञानिक 'ग' के लिए बुनियादी पाठ्यक्रम जैसे कतिपय प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करना, जैसाकि केन्द्रीय सरकार द्वारा विहित किया जाए, परिवीक्षा अवधि को पूरा करने और एफसीएस प्रोन्नतियों हेतु विचार के लिए आवश्यक होगा।

(4) पाठ्यक्रम पर प्रशिक्षण के लिए भेजे गए किसी अधिकारी पर, जिसकी अवधि छह माह या अधिक है अथवा भारत के बाहर या भारत में निजी फर्मों या कारखानों में प्रशिक्षण के लिए भेजे गए किसी अधिकारी पर, प्रशिक्षण की अवधि को ध्यान में लिए बिना, प्रशिक्षण की लागत को पूर्णतः वापस भुगतान करने का दायित्व होगा, यदि किसी कारण से प्रशिक्षण के दौरान अथवा ऐसे प्रशिक्षण के पूरा होने के बाद तीन वर्षों की अवधि के भीतर, अधिकारी सेवा को आगे जारी नहीं रखने का निर्णय लेता है।

1829 GI/15-2

14. चिकित्सीय मानदंडों के प्रयोजनार्थ पदों का वर्गीकरण– इन नियमों के अधीन सभी पदों को, भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय विदेश सेवा और केन्द्रीय सेवाओं हेतु चिकित्सीय विनियम और चिकित्सीय प्रतिवेदन में यथा विनिर्दिष्ट चिकित्सा मानदंडों के प्रयोजनार्थ गैर–तकनीकी पद माना जाएगा।

15. छूट देने की शक्ति– जहां केन्द्रीय सरकार का यह अभिमत हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, यह आदेश द्वारा और लिखित में दर्ज कारणों से और कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के परामर्श से और ऐसे मामलों में, जहां संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श आवश्यक हो, व्यक्तियों के किसी भी वर्ग या श्रेणी के संबंध में इन नियमों के किसी भी उपबंध में छूट दे सकती है।

16. व्यावृत्ति– इन नियमों में किसी भी बात का, इस संबंध में समय–समय पर केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, भूतपूर्व–सैनिकों और अन्य विशेष श्रेणियों के व्यक्तियों के लिए प्रदान किए जाने हेतु अपेक्षित आरक्षणों, आयु सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं पड़ेगा।

अनुसूची।

[नियम 4 का उप–नियम (3) देखें]

वैज्ञानिक 'बी' के पद हेतु भर्ती

1. **सीधी भर्ती के लिए आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं –**

(क) अनिवार्यः

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से प्राकृतिक अथवा कृषि विज्ञान में मास्टर डिग्री या अभियांत्रिकी अथवा प्रौद्योगिकी अथवा चिकित्सा में स्नातक डिग्री।

(ख) वांछनीयः (1) अनुसंधान एवं विकास अथवा औद्योगिक अथवा अकादमिक संस्थानों अथवा विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संस्थानों में विशेषज्ञ अनुभव। यह अनुभव पद की कार्य आवश्यकताओं के प्रति प्रासंगिक विशिष्ट प्रकृति का होगा।

(2) कार्य आवश्यकताओं के लिए प्रासंगिक अथवा संबंधित विषय में प्राकृतिक या कृषि विज्ञान में डॉक्टरेट की डिग्री अथवा अभियांत्रिकी या प्रौद्योगिकी में मास्टर डिग्री।

टिप्पणी 1: पद की आवश्यकताओं के अनुसार विशिष्ट शैक्षणिक अर्हताएं एवं अनुभवों के क्षेत्र को सरकार द्वारा नियुक्ति के समय विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

टिप्पणी 2: आवश्यक योग्यताओं को हासिल करने के लिए बिताई गई अवधि, जिनमें संस्थान के साथ जुड़ने से पहले डॉक्टरेट डिग्री शामिल है, को क्षेत्र अनुभव के रूप में नहीं गिना जाएगा।

2. **सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा :–**

सीधी भर्ती के लिए अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(केंद्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए पांच वर्ष तक की छूट दी जाएगी।)

टिप्पणीः आयु सीमा का निर्धारण करने के लिए महत्पपूर्ण तारीख भारत में उम्मीदवारों से आवेदनों की प्राप्ति के लिए अंतिम तारीख होगी (न कि असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू और कश्मीर के लद्दाख क्षेत्र, लाहौल और स्फीति जिला और हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के उप क्षेत्र तथा अंडमान एवं निकोबार अथवा लक्षद्वीप के संघ शासित क्षेत्र में बताई गई अंतिम तारीख।)

(प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति के द्वारा भर्ती के मामले में (अल्पकालिक संविदा के मामले में)/आमेलन, ग्रेड जिससे प्रतिनियुक्ति की जाती है (अल्पकालिक संविदा सहित)/आमेलन किया जाएगा – लागू नहीं)

3. **सीधी भर्ती के लिए छंटनी एवं चयन प्रक्रियाः** छंटनी और चयन प्रक्रिया ऐसी होगी जैसी केंद्र सरकार द्वारा विहित की जाए। पात्रता समिति, छंटनी एवं शॉर्ट लिस्टिंग समिति और साक्षात्कार बोर्ड के गठन को केंद्र सरकार द्वारा विहित किया जाएगा। तथापि पात्रता समिति, छंटनी एवं शॉर्ट लिस्टिंग समिति और साक्षात्कार बोर्ड के अधिकतर सदस्य, अध्यक्ष सहित नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय से बाहर के होगें। यदि आवश्यक समझा जाए, तो छंटनी प्रक्रिया में लिखित परीक्षा भी सम्मिलित होगी जिसका आयोजन केंद्र सरकार के द्वारा प्रत्यक्ष रूप से या किसी केंद्र सरकार के अभिकरण या संगठन के माध्यम से किया जाएगा, जिसे इस क्षेत्र में अनुभव और विशेषज्ञता हो।

4. **विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के विचार के लिए):** लागू नहीं

5. **संघ लोक सेवा आयोग के साथ परामर्श** – लागू नहीं।

अनुसूची–II

[नियम 4 का उप नियम (4) देखें]

वैज्ञानिक 'सी' से वैज्ञानिक 'जी' के पद हेतु भर्ती

1. (क) सीधी भर्ती के लिए अपेक्षित शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं (वैज्ञानिक 'सी') -

(क) अनिवार्य:

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से प्राकृतिक अथवा कृषि विज्ञान में मास्टर डिग्री या अभियांत्रिकी अथवा प्रौद्योगिकी अथवा चिकित्सा में स्नातक डिग्री ;

(ii) अनुसंधान एवं विकास अथवा औद्योगिक अथवा अकादमिक संस्थानों अथवा विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संगठनों में चार वर्ष का विशेषज्ञतापूर्ण अनुभव। यह अनुभव पद की कार्य आवश्यकताओं के प्रति प्रासंगिक विशिष्ट प्रकृति का होगा।

(ख) वांछनीय:

(1) कार्य आवश्यकताओं के अध्यधीन अभियांत्रिकी अथवा प्रौद्योगिकी में डॉक्टरेट डिग्री या मास्टर डिग्री।

(2) ऊर्जा के नवीन तथा नवीकरणीय स्रोतों के क्षेत्र में समन्वय, नीति नियोजन और परियोजना विकास में अनुभव

टिप्पणी 1: पद की आवश्यकताओं के अनुसार शैक्षणिक अर्हताएं एवं अनुभवों के क्षेत्र को केंद्रीय सरकार द्वारा नियुक्ति के समय निर्दिष्ट किया जाएगा।

टिप्पणी 2: आवश्यक अर्हताओं को हासिल करने के लिए बिताई गई अवधि, जिनमें संस्थान के साथ जुड़ने से पहले डॉक्टरेट डिग्री शामिल है, को क्षेत्र अनुभव के रूप में नहीं गिना जाएगा।

(ख) ग्रेड जिससे प्रतिनियुक्ति की जाती है (अल्पकालिक संविदा सहित)/आमेलन किया जाएगा (वैज्ञानिक 'सी')

केंद्र सरकार या राज्य सरकारों या भारत में या विदेशों में विश्वविद्यालयों या मान्यता प्राप्त संस्थानों या अर्द्ध सरकारी या कानूनी या स्वायत्त संगठनों में कार्यरत वैज्ञानिक या प्रौद्योगिकीविद।

(क) (i) नियमित आधार पर सदृश पद धारक; या

(ii) वेतन बैंड–3, 15600–39100/– रू. जमा ग्रेड वेतन 5400/– रू. में नियमित आधार पर भर्ती के बाद प्रदत्त ग्रेड में पांच वर्ष सेवा सहित या समकक्ष ; और

(ख) क्रम संख्या 1 (क) (क) उपरोक्त के अंतर्गत सीधी नियुक्ति के लिए विहित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव धारक हो।

टिप्पणी 1: प्रतिनियुक्ति की अवधि, (अल्पकालिक संविदा सहित) उसी या अन्य संगठन या केंद्रीय सरकार के विभाग में अनुभव के तुरंत बाद धारण किए गए पद में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) सहित तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी, जो बाद में वर्ष के आधार पर विस्तारित की जा सकती है, जो सक्षम प्राधिकरण के अनुमोदन के साथ अधिकतम पांच वर्ष तक हो सकती है।

टिप्पणी 2: पोषक वर्ग में विभागीय उम्मीदवार, जो एफसीएस के अंतर्गत स्वस्थाने प्रोन्नति की कतार में होते हैं, वे पूर्व संवर्ग के लिए प्रतिनियुक्ति के अंतर्गत नियुक्ति के पात्र नहीं होते हैं जिसके लिए वे पोषक वर्ग अधिकारी नहीं होते हैं। इसी प्रकार प्रतिनियुक्तिधारी एफसीएस के अंतर्गत स्वस्थाने प्रोन्नति के लिए पात्र नहीं होते हैं।

टिप्पणी 3: प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु–सीमा आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष या सरकार के द्वारा समय समय पर बताई गई आयु सीमा से अधिक नहीं होगी।

टिप्पणी 4: **आमेलन के लिए केंदीय सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ शासित क्षेत्रों के वैज्ञानिक पात्र होंगे।**

2. (क) सीधी भर्ती के लिए अपेक्षित शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं (वैज्ञानिक 'डी')

(क) अनिवार्य:

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से प्राकृतिक अथवा कृषि विज्ञान में मास्टर डिग्री या अभियांत्रिकी अथवा प्रौद्योगिकी अथवा चिकित्सा में स्नातक डिग्री;

(ii) अनुसंधान एवं विकास औद्योगिक अथवा अकादमिक संस्थानों अथवा प्रौद्योगिकी संस्थानों में आठ वर्ष का विशेषज्ञता वाला विशिष्ट अनुभव, जिसमें चार वर्ष का अनुभव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कार्यक्रमों, नीति विकास एवं समन्वय में होना चाहिए। यह अनुभव पद की कार्य आवश्यकताओं के प्रति प्रासंगिक विशिष्ट प्रकृति का होगा ।

(ख) वांछनीय:

(1) कार्य आवश्यकताओं के लिए प्रासंगिक अथवा विषय में अभियांत्रिकी/प्रौद्योगिकी में डॉक्टरेट डिग्री या मास्टर डिग्री।

(2) ऊर्जा के नवीन तथा नवीकरणीय स्रोतों के क्षेत्र में समन्वय, नीति नियोजन और परियोजना विकास में अनुभव, जिसमें वैज्ञानिक अथवा तकनीकी प्रयोगशालाओं, संस्थानों, उद्योग, विश्वविद्यालय अथवा संस्थानों में नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में वास्तविक प्रकृति के क्षेत्र असाइनमेंट सम्मिलित होने चाहिए।

टिप्पणी 1: पद की आवश्यकताओं के अनुसार शैक्षणिक अर्हताएं एवं अनुभवों के क्षेत्र को सरकार द्वारा नियुक्ति के समय निर्दिष्ट किया जाएगा।

टिप्पणी 2: आवश्यक योग्यताओं को हासिल करने के लिए बिताई गई अवधि, जिनमें संस्थान के साथ जुड़ने से पहले डॉक्टरेट डिग्री शामिल है, को क्षेत्र अनुभव के रूप में नहीं गिना जाएगा।

(ख) ग्रेड जिससे प्रतिनियुक्ति की जाती है (अल्पकालिक संविदा सहित)/आमेलन किया जाएगा (वैज्ञानिक 'डी')

केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों या भारत में या विदेशों में विश्वविद्यालयों या मान्यता प्राप्त संस्थानों या अर्द्ध सरकारी या कानूनी या स्वायत्त संगठनों में कार्यरत वैज्ञानिक या प्रौद्योगिकीविद।

(क) (i) नियमित आधार पर सदृश पद धारक; या

(ii) वेतन बैंड–3, 15600–39100/– रू. जमा ग्रेड वेतन 6600/– रू. में नियमित आधार पर भर्ती के बाद प्रदत्त ग्रेड में पांच वर्ष सेवा सहित या समकक्ष, और

(ख) क्रम संख्या 2 (क) (क) उपरोक्त के अंतर्गत सीधी नियुक्ति के लिए विहित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव धारक हो।

टिप्पणी 1: प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) की अवधि, उसी या अन्य संगठन या केंद्रीय सरकार के विभाग में अनुभव के तुरंत बाद धारण किए गए पद में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) तीन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, जो बाद में वर्ष के आधार पर विस्तारित की जा सकती है, जो सक्षम प्राधिकरण के अनुमोदन के साथ अधिकतम पांच वर्ष तक हो सकती है।

टिप्पणी 2: पोषक वर्ग में विभागीय उम्मीदवार, जो एफसीएस के अंतर्गत स्वस्थाने प्रोन्नति की कतार में होते हैं, वे पूर्व संवर्ग के लिए प्रतिनियुक्ति के अंतर्गत नियुक्ति के पात्र नहीं होते हैं जिसके लिए वे पोषक वर्ग अधिकारी नहीं होते हैं। इसी प्रकार प्रतिनियुक्तिधारी एफसीएस के अंतर्गत स्वस्थाने प्रोन्नति के लिए पात्र नहीं होते हैं।

टिप्पणी 3: प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयुसीमा आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तारीख पर छप्पन वर्ष या सरकार के द्वारा समय समय पर बताई गई आयु सीमा से अधिक नहीं होगी।

टिप्पणी 4: आमेलन के लिए केंद्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ शासित क्षेत्रों के वैज्ञानिक पात्र होंगे।

3 (क) सीधी भर्ती के लिए आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं (वैज्ञानिक 'ई')

(क) अनिवार्य:

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से प्राकृतिक अथवा कृषि विज्ञान में डॉक्टरेट डिग्री या अभियांत्रिकी अथवा प्रौद्योगिकी अथवा चिकित्सा में मास्टर डिग्री ;

(ii) औद्योगिक अथवा अकादमिक अथवा सरकारी संस्थान अथवा संगठनों में अनुसंधान अथवा विकास अथवा डिजाइन अथवा निर्माण के क्षेत्र में दस वर्षों का विशेषज्ञ अनुभव (यह अनुभव पद के लिए आवश्यक प्रकृति हेतु प्रासंगिक होना चाहिए।)

(ख) वांछनीयः

(1) राष्ट्रीय तथा अंर्तराष्ट्रीय कार्यक्रमों के प्रबंधन का अनुभव, ऊर्जा के नवीन एवं नवीकरणीय स्रोत के विशेष संदर्भ सहित। अनुभव में अभिनवता अथवा अनुसंधान एवं विकास अथवा प्रबंधन अथवा आंकलन अथवा आवेदन अथवा विस्तार अथवा अनुसंधान एवं विकास सम्मिलित होने चाहिए, जिनमें वैज्ञानिक अथवा तकनीकी प्रयोगशालाओं, संस्थानों, उद्योग, विश्वविद्यालय अथवा संस्थानों में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में वास्तविक प्रकृति के क्षेत्र असाइनमेंट सम्मिलित होने चाहिए।

(2) राष्ट्रीय ऊर्जा समस्याओं और नीतियों के कुल परिप्रेक्ष्य के बारे में जानकारी और एकीकृत कार्यक्रमों का निर्देशन करने की क्षमता

टिप्पणी 1: पद की आवश्यकताओं के अनुसार शैक्षणिक अर्हताएं एवं अनुभवों के क्षेत्र को सरकार द्वारा नियुक्ति के समय निर्दिष्ट किया जाएगा।

टिप्पणी 2: आवश्यक अर्हताओं को हासिल करने के लिए बिताई गई अवधि, जिनमें संस्थान के साथ जुड़ने से पहले डॉक्टरेट डिग्री शामिल है, को क्षेत्र अनुभव के रूप में नहीं गिना जाएगा।

(ख) ग्रेड जिससे प्रतिनियुक्ति की जाती है (अल्पकालिक संविदा सहित)/आमेलन किया जाएगा (वैज्ञानिक 'ई')

केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों या भारत में या विदेशों में विश्वविद्यालयों या मान्यता प्राप्त संस्थानों या अर्द्ध सरकारी या कानूनी या स्वायत्त संगठनों में कार्यरत वैज्ञानिक या प्रौद्योगिकीविद।

(क) (i) नियमित आधार पर सदृश पद धारक; या

(ii) वेतन बैंड–3, 15600–39100/– जमा रू. ग्रेड वेतन 7600/– रू. में नियमित आधार पर भर्ती के बाद प्रदत्त ग्रेड में पांच वर्ष सेवा सहित या समकक्ष ; और

(ख) क्रम संख्या 3 (क) (क) उपरोक्त के अंतर्गत सीधी भर्ती के लिए विहित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव धारक हो।

टिप्पणी 1: प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) की अवधि, उसी या अन्य संगठनों या केंद्रीय सरकार के विभाग में अनुभव के तुरंत बाद धारण किए गए पद में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) सहित तीन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, जो बाद में वर्ष के आधार पर विस्तारित की जा सकती है, जो सक्षम प्राधिकरण के अनुमोदन के साथ अधिकतम पांच वर्ष तक हो सकती है।

टिप्पणी 2: पोषक वर्ग में विभागीय उम्मीदवार, जो एफसीएस के अंतर्गत स्वस्थाने प्रोन्नति की कतार में होते हैं, वे पूर्व संवर्ग के लिए प्रतिनियुक्ति के अंतर्गत नियुक्ति के पात्र नहीं होते हैं जिसके लिए वे पोषक ग्रेड अधिकारी नहीं होते हैं। इसी प्रकार प्रतिनियुक्तिधारी एफसीएस के अंतर्गत स्वस्थाने प्रोन्नति के लिए पात्र नहीं होते हैं।

टिप्पणी 3: प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु–सीमा आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तारीख पर छप्पन वर्ष या सरकार के द्वारा समय समय पर बताई गई आयु सीमा से अधिक नहीं होगी।

टिप्पणी 4: **आमेलन के लिए केंद्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ शासित प्रशासन क्षेत्रों के वैज्ञानिक पात्र होंगे।**

4. (क) सीधी भर्ती के लिए आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं (वैज्ञानिक 'एफ')

(क) अनिवार्यः

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से प्राकृतिक/कृषि विज्ञान में डॉक्टरेट डिग्री या अभियांत्रिकी/प्रौद्योगिकी/चिकित्सा में मास्टर डिग्रीः

(ii) औद्योगिक अथवा अकादमिक अथवा सरकारी संस्थानों अथवा संगठनों में अनुसंधान अथवा विकास अथवा डिजाइन अथवा निर्माण के क्षेत्र में बारह वर्षों का विशेषज्ञ अनुभव (यह अनुभव पद के लिए आवश्यक प्रकृति हेतु प्रासंगिक होना चाहिए।)

(ख) वांछनीय:

(1) राष्ट्रीय तथा अंर्तराष्ट्रीय कार्यक्रमों के प्रबंधन का अनुभव, ऊर्जा के नवीन एवं नवीकरणीय स्रोत के विशेष संदर्भ सहित। अनुभव में अभिनवता अथवा अनुसंधान एवं विकास अथवा प्रबंधन अथवा आंकलन अथवा आवेदन अथवा विस्तार अथवा अनुसंधान एवं विकास सम्मिलित होने चाहिए, जिनमें वैज्ञानिक अथवा तकनीकी प्रयोगशालाओं, संस्थानों, उद्योग, विश्वविद्यालय अथवा संस्थानों में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में वास्तविक प्रकृति के क्षेत्र असाइनमेंट सम्मिलित होने चाहिए।

(2) राष्ट्रीय ऊर्जा समस्याओं और नीतियों के कुल परिप्रेक्ष्य के बारे में जानकारी और एकीकृत कार्यक्रमों का निर्देशन करने की क्षमता

टिप्पणी 1: पद की आवश्यकताओं के अनुसार शैक्षणिक अर्हताएं एवं अनुभवों के क्षेत्र को केंद्रीय सरकार द्वारा नियुक्ति के समय निर्दिष्ट किया जाएगा।

टिप्पणी 2: आवश्यक अर्हताओं को हासिल करने के लिए बिताई गई अवधि, जिनमें संस्थान के साथ जुड़ने से पहले डॉक्टरेट डिग्री शामिल है, को क्षेत्र अनुभव के रूप में नहीं गिना जाएगा।

(ख) ग्रेड जिससे प्रतिनियुक्ति की जाती है (अल्पकालिक संविदा सहित) (वैज्ञानिक 'एफ')

केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों या भारत में या विदेशों में विश्वविद्यालयों या मान्यता प्राप्त संस्थानों या अर्द्ध सरकारी या कानूनी या स्वायत्त संस्थानों में कार्यरत वैज्ञानिक या प्रौद्योगिकीविद।

(क) (i) नियमित आधार पर सदृश पद धारक; या

(ii) वेतन बैंड–4, 37400–67000/– रू. जमा ग्रेड वेतन 8700/– रू. में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद प्रदत्त ग्रेड में पांच वर्ष सेवा सहित या समकक्ष ; और

(ख) क्रम संख्या 4 (क) (क) उपरोक्त के अंतर्गत सीधी नियुक्ति के लिए विहित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव धारक हो।

टिप्पणी 1: प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) की अवधि, उसी या अन्य संस्थान या केंद्रीय सरकार के विभाग में अनुभव के तुरंत बाद धारण किए गए पद में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) सहित तीन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, जो बाद में वर्ष के आधार पर विस्तारित की जा सकती है, जो सक्षम प्राधिकरण के अनुमोदन के साथ अधिकतम पांच वर्ष तक हो सकती है।

टिप्पणी 2: पोषक वर्ग में विभागीय उम्मीदवार, जो एफसीएस के अंतर्गत स्वस्थाने प्रोन्नति की कतार में होते हैं, वे पूर्व संवर्ग के लिए प्रतिनियुक्ति के अंतर्गत नियुक्ति के पात्र नहीं होते हैं जिसके लिए वे पोषक ग्रेड अधिकारी नहीं होते हैं। इसी प्रकार प्रतिनियुक्तिधारी एफसीएस के अंतर्गत स्वस्थाने प्रोन्नति के लिए पात्र नहीं होगें।

टिप्पणी 3: प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु–सीमा आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तारीख पर छप्पन वर्ष या सरकार के द्वारा समय समय पर बताई गई आयु–सीमा से अधिक नहीं होगा।

5. (क) सीधी भर्ती के लिए आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं (वैज्ञानिक 'जी')

(क) अनिवार्य:

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से प्राकृतिक/कृषि विज्ञान में डॉक्टरेट डिग्री या अभियांत्रिकी/प्रौद्योगिकी/चिकित्सा में मास्टर डिग्री;

(ii) औद्योगिक अथवा अकादमिक अथवा सरकारी संस्थानों अथवा संगठनों में अभिनवता अथवा अनुसंधान अथवा विकास अथवा प्रदर्शन अथवा संकल्पना अथवा निर्माण में पन्द्रह वर्षों का अनुभव जिसमें कम से कम पांच वर्ष का अनुभव नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में वरिष्ठ पद में वैज्ञानिक एवं तकनीकी कार्यक्रम में प्रशासन, नियोजन, विकास और समन्वय का होना चाहिए।

(ख) वांछनीय:

(1) राष्ट्रीय तथा अंर्तराष्ट्रीय कार्यक्रमों के प्रबंधन का अनुभव, ऊर्जा के नवीन एवं नवीकरणीय स्रोत के विशेष संदर्भ सहित। अनुभव में अभिनवता अथवा अनुसंधान एवं विकास अथवा प्रबंधन अथवा आंकलन अथवा आवेदन अथवा विस्तार अथवा अनुसंधान एवं विकास सम्मिलित होने चाहिए, जिनमें वैज्ञानिक अथवा तकनीकी प्रयोगशालाओं, संस्थानों, उद्योग, विश्वविद्यालय अथवा संस्थानों में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में वास्तविक प्रकृति के क्षेत्र असाइनमेंट सम्मिलित होने चाहिए।

(2) राष्ट्रीय ऊर्जा समस्याओं और नीतियों के कुल परिप्रेक्ष्य के बारे में जानकारी और बड़े पैमाने पर समन्वित और एकीकृत कार्यक्रमों को निर्देशित करने में क्षमता

टिप्पणी 1: पद की आवश्यकताओं के अनुसार शैक्षणिक अर्हताएं एवं अनुभवों के क्षेत्र को केंद्रीय सरकार द्वारा नियुक्ति के समय निर्दिष्ट किया जाएगा।

टिप्पणी 2: आवश्यक अर्हताओं को हासिल करने के लिए बिताई गई अवधि, जिनमें संस्थान के साथ जुड़ने से पहले डॉक्टरेट डिग्री शामिल है, को क्षेत्र अनुभव के रूप में नहीं गिना जाएगा।

(ख) ग्रेड जिससे प्रतिनियुक्ति की जाती है (अल्पकालिक संविदा सहित) (वैज्ञानिक 'जी')

केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों या भारत में या विदेशों में विश्वविद्यालयों या मान्यता प्राप्त संस्थानों या अर्द्ध सरकारी या कानूनी या स्वायत्त संगठनों में कार्यरत वैज्ञानिक या प्रौद्योगिकीविद।

(क) (i) नियमित आधार पर सदृश पद धारक; या

(ii) वेतन बैंड–4, 37400–67000/– रू. जमा ग्रेड वेतन 8900/– रू. में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद प्रदत्त ग्रेड में पांच वर्ष सेवा सहित या समकक्ष तथा

(ख) क्रम संख्या 5 (क) (क) उपरोक्त के अंतर्गत सीधी नियुक्ति के लिए विहित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव धारक हो।

टिप्पणी 1: प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदासहित) की अवधि, उसी या अन्य संस्थान या केंद्र सरकार के विभाग में अनुभव के तुरंत बाद धारण किए गए पद में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) सहित तीन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, जो बाद में वर्ष के आधार पर विस्तारित की जा सकती है, जो सक्षम प्राधिकरण के अनुमोदन के साथ अधिकतम पांच वर्ष तक हो सकती है।

टिप्पणी 2: पोषक वर्ग में विभागीय उम्मीदवार, जो एफसीएस के अंतर्गत स्वस्थाने प्रोन्नति की कतार में होते हैं, वे पूर्व संवर्ग के लिए प्रतिनियुक्ति के अंतर्गत नियुक्ति के पात्र नहीं होते हैं जिसके लिए वे पोषक ग्रेड अधिकारी नहीं होते हैं। इसी प्रकार प्रतिनियुक्तिधारी एफसीएस के अंतर्गत स्वस्थाने प्रोन्नति के लिए पात्र नहीं होते हैं।

टिप्पणी 3: प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयुसीमा आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तारीख पर छप्पन वर्ष या सरकार के द्वारा समय समय पर बताई गई आयु सीमा से अधिक नहीं होगी।

6. सीधी नियुक्तियों के लिए आयु सीमा-

सीधी नियुक्ति के लिए प्रत्येक श्रेणी में अधिकतर आयु सीमा निम्नानुसार होगी:-

क्रम संख्या	पद का नाम	आयु सीमा
1.	वैज्ञानिक 'सी'	35 वर्ष
2.	वैज्ञानिक 'डी'	40 वर्ष
2.	वैज्ञानिक 'ई'	45 वर्ष
2.	वैज्ञानिक 'एफ'	50 वर्ष
2.	वैज्ञानिक 'जी'	50 वर्ष

(केंद्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए निर्देशों अथवा आदेशों के अनुपालन में सरकारी अधिकारियों के लिए पांच वर्ष तक छूट दी जा सकती है।)

टिप्पणी 1: आयु–सीमा का निर्धारण करने के लिए महत्वपूर्ण तारीख भारत में उम्मीदवारों से आवेदनों की प्राप्ति के लिए अंतिम तारीख होगी (न कि असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू और कश्मीर के लद्दाख क्षेत्र, लाहौल और स्फीति जिला और हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के उप क्षेत्र तथा अंडमान एवं निकोबार प्रायद्वीपों के संघ शासित क्षेत्र अथवा लक्षद्वीप के संघ शासित क्षेत्र में बताई गई अंतिम तारीख।)

7. छंटनी एवं चयन प्रक्रिया: छंटनी और चयन प्रक्रिया को (सीधी नियुक्ति और प्रतिनियुक्ति दोनों के लिए लागू) - छंटनी और चयन प्रक्रिया केंद्रीय सरकार द्वारा विहित की जाएगी। पात्रता समिति, छंटनी एवं शॉर्ट लिस्टिंग समिति और साक्षात्कार मंडल आदि के गठन केंद्र सरकार द्वारा विहित किए जाएंगे। तथापि पात्रता समिति, छंटनी एवं शॉर्ट लिस्टिंग

समिति और साक्षात्कार मंडल के अधिकतर सदस्य, अध्यक्ष सहित नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय से बाहर के होने चाहिए। यदि आवश्यक माना जाए तो छंटनी प्रक्रिया में लिखित परीक्षा भी सम्मिलित होगी जिसका आयोजन केंद्र सरकार के द्वारा प्रत्यक्ष रूप से या किसी केंद्र सरकार संस्था या संस्थान के द्वारा किया जाना चाहिए, जिसे इस क्षेत्र में अनुभव हो।

8. छंटनी समिति की संरचना और आकलन बोर्डों और एफसीएस के तहत प्रोन्नति पर विचार करने के लिए उनकी सिफारिशों को प्राधिकारियों द्वारा अनुमोदन किया गया है जो नीचे दी गई तालिका में उनकी प्रविष्टियों के निर्दिष्ट रूप में स्पष्ट की गई है :–

क्र. सं.	ग्रेड जिसके लिए प्रोन्नति की जाएगी	छंटनी समिति की संरचना	छंटनी समिति की सिफारिशों के लिए अनुमोदन प्राधिकारी	संशोधित सुनम्य सम्पूरक स्कीम के अधीन सीधी भर्ती/स्वस्थाने उन्नयन हेतु आकलन बोर्ड की संरचना	बोर्ड की सिफारिशों के मूल्यांकन के लिए अनुमोदन प्राधिकारी
1.	वैज्ञानिक 'जी'	छंटनी समिति में शामिल करने के लिए नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव द्वारा अध्यक्ष और कम से कम तीन विशेषज्ञ सदस्यों को नामित किया जाता हैं। परंतु कम से कम एक सदस्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी या अंतरिक्ष विभाग या रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन विभाग से होगा ।	छंटनी समिति की सिफारिशों के लिए अनुमोदन प्राधिकारी, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव होगें। छंटनी समिति आंतरिक सहकर्मी समीक्षा समूह/ समिति के रूप में भी कार्य करेगी।	मूल्यांकन बोर्ड/डीपीआरसी की संरचना 1. सचिव, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय **–अध्यक्ष** 2. अन्य वैज्ञानिक मंत्रालयों या विभागों के दो सचिव **–सदस्य** 3. वैज्ञानिक 'जी' के स्तर से एक स्तर ऊपर वैज्ञानिक गतिविधि के क्षेत्र में विशेषज्ञता वाले तीन प्रतिष्ठित वैज्ञानिक **–सदस्य** 4. विद्यमान निर्देशों के अनुसार कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग का नामनिर्दिष्ट व्यक्ति । मूल्यांकन बोर्ड/विभागीय सहकर्मी समीक्षा समिति विशेष सहकर्मी समीक्षा समिति के रूप में भी कार्य करेगी और विशेष रूप से प्रमाणित करेगी कि सिफारिश किए गए वैज्ञानिक स्वस्थानी उन्नयन के लिए संशोधित सुनम्य सम्पूरक स्कीम के तहत सभी मानदंड	प्रभारी मंत्री नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय *

				पूर्ण करते हैं।	
